## सुनने और बोलने की क्षमता के परीक्षण के लिए जाँचसूची
**(जिससे आपके शिशु की सुनने की क्षमता की निगरानी की जा सके)**

### जन्म से लेकर 3 महीनों तक
- ☐ परिचित आवाज़ें या बोली सुनने पर शाँत हो जाता है
- ☐ अचानक आवाज़ होने पर चौंक जाता है या उछलता है

### 3 से 6 महीनों तक
- ☐ दिलचस्पी की आवाज़ें सुनकर उस ओर सिर या आँखें घुमाता है
- ☐ ऐसा आभास होता है कि वह सुनने की कोशिश कर रहा है
- ☐ आवाज़ होने पर आसानी से नींद से जाग जाता है
- ☐ बोली जैसी आवाज़ें करना शुरू करता है

### 6 से 12 महीनों तक
- ☐ 'नो' और 'बाय-बाय' जैसे आसान शब्दों को समझता है
- ☐ बोली की आवाज़ों की नकल करना शुरू करता है
- ☐ हल्की आवाज़ों की ओर सिर घुमाता है

### 12 से 18 महीनों तक
- ☐ ऐसा प्रतीत होता है कि वह हरेक सप्ताह पहले से और भी अधिक शब्दों को समझ सकता है
- ☐ पूछे जाने पर लोगों, शरीर के अंगों या खिलौनों की तरफ इशारा करता है
- ☐ बोले गए आसान निर्देशों का पालन करता है, यानि 'बैठ जाओ'
- ☐ दो से तीन वास्तविक शब्द कह सकता है, जैसे, 'बॉल', 'डॉग', 'कार'

## मेरे शिशु का ऑडियोलॉजी एपॉइंटमेंट

ऑडियोलॉजिस्ट 12 महीने की आयु से कुछ समय पहले आपके शिशु की सुनने की क्षमता का परीक्षण करना चाहेगा। वह आपसे समय की व्यवस्था करने के लिए संपर्क करेगा।

### ऑडियोलॉजी एपॉइंटमेंट

ऑडियोलॉजी सेवा: ................................................................

पता: ................................................................

टेलीफोन नंबर: ................................................................

संपर्क व्यक्ति: ................................................................

**दिनांक और समय:** ................................................................

## यदि हम एपॉइंटमेंट के समय उपस्थित नहीं हो सकते हैं, तो क्या होगा?

यदि आप एपॉइंटमेंट के समय समय उपस्थित नहीं हो सकते/सकती हैं, तो दूसरे एपॉइंटमेंट की व्यवस्था करने के लिए अपने ऑडियोलॉजिस्ट को सूचित करें।

## यदि हम निवास के लिए किसी दूसरे स्थान पर चले जाते हैं, तो क्या होगा?

यदि आप निवास के लिए किसी दूसरे कस्बे या नगर में चले जाते/चली जाती हैं, तो अपने उपरोक्त ऑडियोलॉजिस्ट को कॉल करें और वह आपके निकट स्थित ऑडियोलॉजी सेवा के बारे में आपको सलाह दे सकेगा।

यदि आपके संपर्क विवरण या पते में कोई परिवर्तन होता है, तो कृपया ऑडियोलॉजी सेवा को बताएँ ताकि वे आपको एपॉइंटमेंटों के बारे में सूचित कर सकें।

यदि आपका ऑडियोलॉजिस्ट आपके शिशु के एक वर्ष की उम्र का हो जाने से पहले आपके साथ संपर्क नहीं करता है, तो एपॉइंटमेंट की व्यवस्था करने के लिए अपने ऑडियोलॉजिस्ट से संपर्क करें।

सुनने की क्षमता का परीक्षण किसी भी उम्र में किया जा सकता है। यदि आपके पास वर्तमान में किसी ऑडियोलॉजिस्ट के पास दिखाने के लिए रेफरल नहीं है और आप अपने शिशु की सुनने की क्षमता के बारे में चिंतित हैं, तो शिशु के डॉक्टर या स्थानीय क्लिनिक के कर्मचारियों से ऑडियोलॉजिस्ट के रेफरल के लिए पूछें, ताकि उसकी सुनने की क्षमता की जाँच की जा सके।

# Healthy Hearing Program
## (स्वस्थ श्रवण-शक्ति कार्यक्रम)




## Your Baby's Follow-Up Hearing Test
## (आपके शिशु की सुनने की क्षमता का फॉलो-अप परीक्षण)

बच्चे की सुनने की क्षमता समय के साथ बदल सकती है।

यह प्रपत्र समझाता है कि कुछ शिशुओं के लिए उनके **पहले जन्मदिन** या इससे पहले **6 सप्ताह की आयु पर** कुछ पहचाने गए खतरों के कारकों के लिए उनकी सुनने की क्षमता का फिर से परीक्षण किया जाना महत्वपूर्ण क्यों होता है।

Queensland Government

Language: Hindi

Reviewed 2018

# स्वस्थ रूप से सुनने में सक्षम होना जीवन के शुरुआती महीनों से ही आपके बच्चे के बोलने और भाषा के विकास के लिए महत्वपूर्ण होता है

## मेरे शिशु ने पहले सुनने की क्षमता का परीक्षण पास कर लिया था, तो उसके लिए दोबारा परीक्षण की आवश्यकता क्यों है?

आपके शिशु के लिए एक या इससे अधिक खतरे के कारकों की पहचान की गई है, जिनके कारण उम्र बढ़ने के साथ-साथ उसकी सुनने की क्षमता में कमी के विकास की संभावना में वृद्धि हो सकती है।

यदि आपके शिशु के लिए निम्नलिखित में से किसी भी खतरे के कारक की पहचान की गई है, तो सुनने की क्षमता के परीक्षण के 6 सप्ताहों के अंदर उसकी दोबारा समीक्षा की जाएगी:

- सुनने की क्षमता में कमी से संबंधित लक्षण
- सिर/चेहरे से संबंधित संरचनात्मक समस्याएँ, जैसे क्लेफ्ट पैलेट

यदि निम्नलिखित में से एक या एक से अधिक खतरे के कारक मौजूद हैं, तो आपके शिशु के 1 वर्ष की उम्र का होने से पहले उसकी समीक्षा की जाएगी:

- सुनने की क्षमता में स्थाई कमी होने का पारिवारिक इतिहास: इसका अर्थ माता-पिता या भाई-बहनों में
- बचपन से ही सुनने की क्षमता में कमी होना है
- गर्भावस्था या जन्म के दौरान संक्रमण से संपर्क
- जन्म के बाद 5 दिनों से अधिक समय के लिए सहायक श्वसन (assisted ventilation)
- जन्म के समय साँस लेने में गंभीर कठिनाइयाँ
- गंभीर पीलिया

खतरे के इन कारकों से ग्रस्त शिशुओं में से वास्तव में बहुत ही कम शिशुओं में सुनने की क्षमता में कमी विकसित होती है, परंतु आपके शिशु का थोड़ा बड़ा हो जाने पर ऑडियोलॉजिस्ट द्वारा उसका परीक्षण कराया जाना महत्वपूर्ण होता है।

## ऑडियोलॉजिस्ट कौन होता है?

ऑडियोलॉजिस्ट एक श्रवण-विशेषज्ञ होता है जिसके पास सुनने की क्षमता का विस्तारपूर्वक परीक्षण करने के लिए कुशलताएँ और उपकरण होते हैं।

## ऐसा प्रतीत होता है कि मेरा शिशु आवाज़ का उत्तर दे सकता है। क्या इसके बावजूद भी उसके लिए सुनने की क्षमता के फॉलो-अप परीक्षणों की आवश्यकता है?

सुनने की क्षमता में कमी वाले अधिकाँश शिशु कुछ आवाज़ें सुन सकते हैं और इनका उत्तर दे सकते हैं। इसलिए समुचित परीक्षणों के बिना सुनने की क्षमता में कमी की पहचान कर पाना संभव नहीं होता है।

**यदि आप अपने बच्चे की सुनने की क्षमता के बारे में चिंतित हैं, तो समय से पहले एपॉइंटमेंट लेने के लिए आप अपने ऑडियोलॉजिस्ट को कॉल कर सकते/सकती हैं।**

## सुनने की क्षमता के परीक्षणों के दौरान क्या होता है?

आपके शिशु की सुनने की प्रणाली के विभिन्न हिस्सों की जाँच करने के लिए ऑडियोलॉजिस्ट सुनने की क्षमता के कई परीक्षण करेगा। वह प्रत्येक परीक्षण और एपॉइंटमेंट के परिणामों के बारे में समझाएगा।

परीक्षण इस बात की पुष्टि करेंगे कि क्या आपके बच्चे की सुनने की क्षमता सामान्य है या फिर उसकी सुनने की क्षमता में कमी विकसित हुई है।



**परिणाम प्राप्त करने के लिए आपके शिशु को एक या दो एपॉइंटमेंटों की आवश्यकता हो सकती है।**

## सुनने की क्षमता के परीक्षण में कितना खर्चा आएगा?

सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराई जाने वाली वाली ऑडियोलॉजी सेवाएँ नि:शुल्क होती हैं और ये मेडिकेयर के पात्र शिशुओं के लिए उपलब्ध हैं, चाहे उनका जन्म सार्वजनिक या निजी अस्पताल में हुआ हो। यदि आप एक निजी ऑडियोलॉजिस्ट के पास जाने का चयन करते/करती हैं, तो आपको एपॉइंटमेंट से पहले ऑडियोलॉजिस्ट के साथ खर्चों के बारे में बात करनी चाहिए।

आपका परीक्षणकर्ता आपके क्षेत्र में उपलब्ध ऑडियोलॉजी सेवाओं के बारे में आपको जानकारी प्रदान करेगा।

## यदि मेरे शिशु की सुनने की क्षमता में कोई कमी हो, तो क्या होगा?

यदि आपके शिशु की सुनने की क्षमता में कोई अस्थाई कमी है, तो आपका ऑडियोलॉजिस्ट उसे फिर से देखना चाहेगा। यदि सुनने की क्षमता में अस्थाई कमी में कोई सुधार नहीं होता है, तो ऑडियोलॉजिस्ट आपके शिशु को एक कान नाक और गला (ईएनटी) विशेषज्ञ के पास दिखाने की सलाह देगा।

यदि आपके शिशु की सुनने की क्षमता में कोई स्थायी कमी है, तो आपका ऑडियोलॉजिस्ट उसके लिए निम्नलिखित में से कुछ या सभी सेवाओं के लिए रेफरल देगा:

- बाल्यकाल श्रवण-शक्ति क्लिनिक (Childhood Hearing Clinic)
- कान नाक और गला विशेषज्ञ
- पीडियाट्रिशियन
- हियरिंग एड (एड्स) फिट करने के लिए ऑस्ट्रेलियन हियरिंग (Australian Hearing)
- क्वींसलैंड श्रवण-शक्ति हानि परिवार सहायता सेवा (क्यूएचएलएफएसएस) [Queensland Hearing Loss Family Support Service (QHLFSS)]
- आवश्यकतानुसार अन्य विशेषज्ञ सेवाएँ।

क्यूएचएलएफएसएस इन सेवाओं से जुड़ने में आपकी सहायता करेगा।

आपके शिशु की सुनने की क्षमता में कमी की जल्दी पहचान करने से उसके बोलने की क्षमता और भाषा के विकास के लिए सबसे अच्छा अवसर मिल पाता है। यह भविष्य में उसके सीखने और सामाजिक व भावनात्मक कल्याण के लिए महत्वपूर्ण है।